तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि

रायपुर, शनिवार 11 अक्टूबर 2025

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

12 बैंक ट्रांजेक्शन के लिए ग्रामीणों को नहीं ...



14 मुख्यमंत्री से की सहगांव उद्वहन सिंचाई योजना ...



**खबर संक्षेप**

### दिन भर रही गर्मी व उमस, शाम होते बदला मौसम, हुई बूंदाबांदी

**बेमेतरा।** दक्षिण-पश्चिम मानसून लौट रहा है, शुक्रवार को दिन भर खिली धूप रही और गर्मी व उमस ने हाल बेहाल कर दिया, लेकिन शाम होते ही मौसम का मिजाज बदलने लगा। शाम होते-होते कई क्षेत्रों में बूंदाबांदी भी होती रही। प्रदेश में निम्न दाब का असर कम हो चुका है, ऐसे में बारिश भी थमने लगी है। शुक्रवार को जहां सूरज की तपीस के कारण अधिकतम तापमान 32.2 डिग्री पर जा पहुंचा और लोगों को दिन भर उमस भरी गर्मी का एहसास होता रहा, लेकिन शाम 5 बजे के बाद आसमान पर बादल छाने लगे और अगले ही पल बूंदाबांदी हुई। हालांकि लोगों को इससे राहत मिली। मौसम जानकारों के अनुसार आगामी दिनों में मौसम साफ रहने की संभावना है, द्रोणिका का असर कम चुका है, ऐस में दक्षिण पश्चिम मानसून के लौटने के आसार बन चुके हैं।

### छग पिछड़ा वर्ग आयोग अध्यक्ष 15 अक्टूबर को जिले के दौरे पर

**बेमेतरा।** छत्तीसगढ़ राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष नेहरू राम निषाद 15 सितंबर जिले के एक दिवसीय दौरे पर रहेंगे । श्री निषाद के साथ आयोग की उपाध्यक्ष चंद्रकांती वर्मा, सचिव संकल्प साहू, सहायक अनुसंधान अधिकारी अनीता डेका लटे साथ में रहेंगे। निर्धारित कार्यक्रम अनुसार वे कवर्धा जिला से प्रस्थान कर 10:15 बजे जिला बेमेतरा आएंगे। वे यहां 10:30 बजे सर्किट हाउस बेमेतरा में पिछड़ा आयोग के जनप्रतिनिधियों से भेंट मुलाकात करेंगे। दोपहर 12:00 बजे कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में अधिकारियों की बैठक लेकर पिछड़ा वर्ग के लोगों के कल्याण के लिए संचालित योजनाओं, सेवाओं और कार्यक्रमों की समीक्षा करेंगे। अध्यक्ष निषाद दोपहर 3:00 बजे मिडिया प्रतिनिधियों को संबोधित करेंगे।

### भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष आलोक का नवागढ़ में भव्य स्वागत

**नवागढ़।** भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष आलोक सिंह का शुक्रवार को नवागढ़ आगमन हुआ। उनके आगमन पर महाराणा प्रताप चौक में ठाकुर समाज के लोगों ने पारंपरिक अंदाज में उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। स्वागत उपरांत आलोक सिंह ने वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। इस दौरान क्षेत्र में उत्साह और जोश का माहौल देखने को मिला। सर्व क्षत्रिय समाज नवागढ़ के प्रमुख सदस्य मिथलेश बिसेन मिंटू, युवराज सिंह, बहोरन सिंह, गणेश सिंह, प्रमोद सिंह, दिनेश सिंह, विकास सिंह, अश्विनी सिंह, पृथ्वीराज सिंह, बंसी सिंह, वीरेश सिंह, हुलास सिंह, पीयूष सिंह, दिवाकर सिंह, निहाल सिंह, प्रकाश सिंह, कृष्णपाल सिंह, जयपाल सिंह, सागर साहब सिंह, अमर सिंह सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

### कट्टा दिखाकर लोगों को डराने वाले तीन गिरफ्तार

**भिलाई।** दुर्ग पुलिस ने कट्टा दिखाकर लोगों को डराने धमकाने वाले तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से कट्टा जब्त कर उनके खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है। थाना मोहन नगर से मिली सूचना के मुताबिक उन्हें मुखबीर से सूचना मिली थी कि एक बलेनो कार में सवार कुछ लोग कट्टा जैसा हथियार रख कर आने जाने वालों को डरा धमका रहे हैं। पुलिस की एक टीम धमधा रोड की तरफ गई। टीम ने बलेनो कार में सवार संदेहियों को घेरा बंदी कर पकड़ा। तलासी लेने पर उनके पास से एक देशी कट्टा और 5 जिंदा कारतूस मिला। संदेहियों को हिरासत मे लेकर पुछताछ करने पर उन्होंने लोगों को कट्टा दिखाना स्वीकार किया।

**लोकार्पण : 40 लाख की लागत से निर्मित अटल परिसर का मुख्यमंत्री ने किया लोकार्पण**

# अटल जी हैं छत्तीसगढ़ राज्य के वास्तविक निर्माता : सीएम साय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

प्रदेश के मुख्यमंत्री ने जिला मुख्यालय में 40 लाख रुपए की लागत से नवनिर्मित अटल परिसर का लोकार्पण किया।

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री अरुण साव, विधायक दीपेश साहू, साजा विधायक ईश्वर साहू, जिला अध्यक्ष अजय साहू, भाजपा किसान नेता योगेश तिवारी, पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष राजेंद्र शर्मा, नपा उपाध्यक्ष अशोक शर्मा, नगर पालिका सीएमओ नरेश वर्मा, पार्षद चांदनी रोशन दत्ता, गौरव साहू, आकिब मलकानी, विकास तंबोली आदि उपस्थित रहे. कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई छत्तीसगढ़ राज्य के निर्माता है उनके सम्मान में राज्य के सभी नगरी निकायों में अटल परिसर का निर्माण किया जा रहा है अटल जी ने गांव, किसानों और नागरिकों के लिए ऐतिहासिक योजनाएं शुरू की थी. प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से गांव गांव तक पहुंचे और विकास संभव हो पाया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा ने कहा कि यह परिसर भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की स्मृति को सजीव रखने के लिए बनाया गया है छत्तीसगढ़ के विकास में अटल की भूमिका को याद करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में प्रदेश ने नई दिशा पाई. वर्षों से हमारे पूर्वज यह सपना देखते आ रहे थे कि हमारा छत्तीसगढ़ एक अलग राज्य के रूप में अस्तित्व में आए, पर उसे पूरा करने का ऐतिहासिक कार्य अटल जी ने किया। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में राज्य सरकार हर वादा पूरा कर रही है विकसित छत्तीसगढ़ का निर्माण कर रही है।




### प्रदेश सरकार अटल जी के सपने को कर रही साकार

किसान नेता योगेश तिवारी ने कहा कि अटल जी कि किसान क्रेडिट कार्ड योजना से ग्रामीण विकास और किसानों को शून्य ब्याज पर ऋण संभव हुआ, उन्होंने ही छत्तीसगढ़ राज्य के गठन की नींव रखी थी आज छत्तीसगढ़िया सबसे बढ़िया कहा जाता है तो उसका श्रेय अटल जी की दूर दृष्टि को ही जाता है। अटल परिसर उनकी राष्ट्र सेवा विकास के प्रति दृष्टिकोण और आदर्श से मूल्यों को भावी पीढ़ी तक पहुंचाने का एक सशक्त माध्यम बनेगा। यह परिसर केवल एक स्मारक नहीं बल्कि आने वाली पीढ़ियों को प्रेरणा देने वाला केंद्र बनेगा।

## जिला जेल में स्वास्थ्य परीक्षण व विधिक साक्षरता शिविर का किया गया आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश वृजेन्द्र कुमार शास्त्री एवं अनिता कोशिमा रावटे सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बेमेतरा के निर्देशन में शुक्रवार जिला जेल में स्टेट प्लान ऑफ एक्शन वर्ष 2025-26 के तहत विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस मनाया गया। इस अवसर पर जिला जेल में निरूद्ध विचाराधीन एवं सजायाफ्ता बंदियों का निःशुल्क स्वास्थ्य जाँच एवं इलाज हेतु स्वास्थ्य शिविर एवं विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। उक्त शिविर में जेल में निरूद्ध बंदी को उनकें स्वास्थ्य की देखभाल एवं उनके विधिक अधिकारों के प्रति जागरूक करने के संबंध में जानकारी दिया गया। उक्त स्वास्थ्य जांच शिविर में अनुभवी चिकित्सकों द्वारा जेल में निरूद्ध बंदी का रक्तचाप, शुगर आदि की निःशुल्क जांच की गई, साथ ही उन्हें आवश्यक दवाईयां भी उपलब्ध कराई गई। मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर जेल बंदियों को योग अभ्यास कर स्वस्थ रहने और अपने शरीर को स्वच्छ बनाये रखने के संबंध में जानकारी दी गई। उक्त शिविर में गोपिका जायसवाल नर्सिंग ऑफिसर, नरेन्द्र कुमार वर्मा क्लीनिकल फिजियोलाजिस्ट, दीपांजली डेनियल नर्स, एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बेमेतरा के अधिकार मित्र पवन कुमार साहू, तरूण आंनद, देवेन्द्र यादव, चेतन सिंह, संजीव शर्मा उपस्थित रहे। मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर तालुका साजा के उप स्वास्थ्य केंद्र ठेलका में आमजनों को लाभ पहुंचाने हेतु स्वास्थ्य शिविर एवं विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया।

## ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजकों ने वेतन विसंगति दूर करने मुख्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

ग्रामीण क्षेत्रों के स्वास्थ्य केंद्रों में पदस्थ ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजको कई वर्षो से अपनी वेतन विसंगति से जूझ रहे हैं और जब भी मौका मिला हैं तो वेतन विसंगति दूर कराने के लिए मुख्यमंत्री ,स्वास्थ्यमंत्री अन्य मंत्रियो और उच्च अधिकारियों से लगातार मुलाकात,पत्राचार करने के बाद अपनी मांगे निरंतर कर रहे हैं । इसी कड़ी में मुख्यमंत्री के बेमेतरा आगमन पर स्वास्थ्य संयोजक कर्मचारी संघ के पदाधिकारी और सदस्यों के द्वारा बेमेतरा विधायक दीपेश साहू और नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा के माध्यम से वेतन विसंगति दूर करने मुख्यमंत्री को ज्ञापन दिए। जिस पर मुख्यमंत्री ने वेतन विसंगति दूर करने का आश्वासन देते हुए बताया कि वेतन विसंगति का प्रकरण विचाराधीन ।

इस दौरान संघ ने कहा ग्रामीण स्वास्थ्य केंद्रों में पदस्थ ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक बिना सुविधा के ग्रामीण क्षेत्रों में निवास कर सभी 28 राष्ट्रीय कार्यक्रमों और 14 योजनाओं का क्रियान्वयन करते हैं। जिसके बदौलत स्वास्थ्य विभाग का रिपोर्ट कार्ड बनता हैं और मरीजों कों मिलने वाले स्वास्थ्य सुविधा का मूल्यांकन किया जाता हैं। राज्य में समान योग्यता, प्रशिक्षण और कार्य की प्रकृति एक होने के बाद भी नेत्र सहायक, लैब टेक्निशियन, और रेडियोग्राफर की 2800 ग्रेड पे से बहुत कम 2200 ग्रेड पे हैं।

- समान कार्य और योग्यता के बावजूद वेतन में अंतर, स्वास्थ्य संयोजक संघ ने उठाया मुद्दा

ज्ञापन देने के दौरान जिलाध्यक्ष राजेश जायसवाल, जिला महिला प्रकोष्ठ नंदनी पासवान ,जिला उपाध्यक्ष टोपी राम चन्द्राकर, महामंत्री रामावतार साहू ,जिला सचिव सुखनाथ गन्धर्व, जिला सह सचिव देवेंद्र नामदेव, हिरदेशाय जोशी, राकेश बंछोर , रेवेन्द्र चन्द्राकर,निलांबर साहू , ब्लॉक अध्यक्ष साजा कविता वानखेड़े ,ब्लॉक अध्यक्ष खंडसरा धनंजय चौहान ,ब्लॉक अध्यक्ष बेरला अश्वन जाँगड़े, ब्लॉक अध्यक्ष नवागढ़ राकेश भारती, ब्लॉक सचिव साजा नेतराम कन्नौजे ब्लॉक कोषाध्यक्ष खंडसरा मनोज राजपूत सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

## नांदघाट कांग्रेस विवाद ने पकड़ा तूल, अभद्रता के आरोप को बताया राजनीतिक साजिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

नांदघाट में कांग्रेस की आंतरिक बैठक के दौरान हुए विवाद ने अब गंभीर मोड़ ले लिया है। महिला कांग्रेस ब्लॉक उपाध्यक्ष बेलारानी सोनी द्वारा कांग्रेस नेता विजय यादव पर लगाए गए अभद्रता और धमकी के आरोपों को विजय यादव ने राजनीतिक साजिश बताते हुए सिरे से खारिज किया है।=विजय यादव ने कहा कि मैंने किसी भी महिला कार्यकर्ता के साथ अभद्र व्यवहार नहीं किया, यह सब मेरे खिलाफ सुनियोजित चरित्र हनन का प्रयास है।

- झेरिया यादव समाज भी आया समर्थन में, बिना जांच दर्ज एफआईआर निरस्त करने की मांग

जानकारी के अनुसार, 7 अक्टूबर को नांदघाट बस स्टैंड स्थित सेन समाज भवन में कांग्रेस पार्टी की बैठक चल रही थी। बैठक में सांसद रामकुमार बारवे, विधायक दिलीप लहरिया सहित कार्यकर्ता मौजूद थे। संगठन सृजन अभियान के तहत चल रही चर्चा के दौरान किसी विषय को लेकर बेलारानी सोनी और विजय यादव के बीच मामूली मतभेद हुआ, जिसे उपस्थित नेताओं ने तत्काल शांत करा दिया। विजय यादव का कहना है कि सभा में अनेक कार्यकर्ता और वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद थे, सब कुछ खुले मंच पर हुआ। किसी भी तरह की अभद्रता या धमकी जैसी बात पूरी तरह निराधार है। मेरे खिलाफ यह आरोप सिर्फ मेरी राजनीतिक प्रतिष्ठा को धूमिल करने के लिए लगाए गए हैं।




**कांग्रेस में मचा हलचल, जिला संगठन भी कर रहा समीक्षाः** इस घटना के बाद जिला कांग्रेस कमेटी ने भी मामले की आंतरिक समीक्षा शुरू कर दी है। पार्टी सूत्रों के अनुसार, संगठन नहीं चाहता कि एक गलतफहमी के कारण पार्टी की छवि प्रभावित हो। बहरहाल महिला नेत्री के आरोप पर निगाहें पुलिस जांच और पार्टी निर्णय पर ,अब देखना यह होगा कि पुलिस जांच में सच्चाई किस पक्ष में आती है राजनीतिक साजिश या अभद्रता के आरोप पर।

### झेरिया यादव समाज आया विजय के समर्थन में

घटना के बाद छत्तीसगढ़ झेरिया यादव समाज खुलकर विजय यादव के पक्ष में आ गया है। समाज के जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में एक ज्ञापन पुलिस अधीक्षक को सौंपा गया, जिसमें कहा गया कि थाना नांदघाट ने बिना किसी प्रारंभिक जांच या पूछताछ के एफआईआर दर्ज कर ली, जो न्याय के सिद्धांतों के खिलाफ है। समाज ने मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर झूठी एफआईआर को निरस्त किया जाए। यादव समाज ने कहा कि बैठक में कई लोग मौजूद थे, जिनके सामने किसी तरह की अभद्रता नहीं हुई। उन्होंने आरोप लगाया कि महिला ने महिला होने का लाभ उठाकर बेबुनियाद आरोप लगाए हैं, जो एक ईमानदार कार्यकर्ता की छवि धूमिल करने की कोशिश है। उक्त महिला द्वारा पहले भी झूठी शिकायत कर लोगो को परेशान किया जा चुका है।

### महंत श्री भारत भूषण दास महाराज का प्रदेश दौरा



**बेमेतरा।** महंत श्री भारत भूषण दास महाराज का छत्तीसगढ़ आगमन पर विभिन्न कार्यक्रम संपन्न हुए। उन्होंने शिवरीनारायण में गुरु दीक्षा एवं नाम दान संस्कार कार्यक्रम में भाग लिया, जहां उन्होंने भक्तों को दीक्षा दी और उनका आध्यात्मिक मार्गदर्शन किया। इसके अलावा, उन्होंने ग्राम ईल्दा और ग्राम रावन में भी गुरु दीक्षा और नाम दान संस्कार कार्यक्रम में भाग लिया। बिलासपुर के कर्बला स्थित गुरु रविदास जी मंदिर में सत्संग और प्रतिभावान छात्रों के प्रोत्साहन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त जानकारी देते केआर पैगवार ने बताया कि महंत श्री भारत भूषण दास महाराज ने शिक्षा और दीक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि शिक्षा मानव समाज की आधुनिक जीवन शैली के लिए मार्ग प्रशस्त करती है, जबकि दीक्षा मानव समाज को संस्कारित कर उच्च स्थान के लिए मार्ग प्रशस्त करती है। महंत जी ने ग्राम ईल्दा और ग्राम रावन में गुरु दीक्षा और नाम दान संस्कार कार्यक्रम में भाग लिया, जहां उन्होंने भक्तों को दीक्षा दी और उनका आध्यात्मिक मार्गदर्शन किया।

## जिले में कांग्रेस संगठन को मजबूत बनाने की पहल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

संगठन को मजबूत निष्पक्ष एवं जवाबदारी बनाने के लिए पदाधिकारी का चयन किया जाना है। इसी परिपेक्ष पर अखिलॉबिंग ना की गई हो कोई अप्रोच ना लगा हो जो थोपा हुआ अध्यक्ष ना हो ऐसा व्यक्ति अध्यक्ष बने। भारतीय कांग्रेस कमेटी ने जवाबदारी देते हुए महाराष्ट्र के रामटेक से सांसद श्याम कुमार दौलत बारवे को पर्यवेक्षक के तौर पर भेजा है। बीते तीन दिनों से जिले के कार्यकर्ताओं से रायशुमारी कर पार्टी आलाकमान को अवगत कराएंगे वहीं क्षेत्र के कार्यकर्ताओं व कांग्रेस नेताओं के सुझाव पर जिला अध्यक्ष का पैनल तैयार करेंगे । सांसद श्याम कुमार दौलत बारवे एवं सह प्रभारी के तौर पर शामिल कोरबा सांसद ज्योत्सना महंत ,पूर्व विधायक प्रतिमा चंद्राकर ,मस्तूरी विधायक दिलीप लहरिया एवं युवक कांग्रेस अध्यक्ष आकाश शर्मा ने साजा ,नवागढ़ विधान सभा क्षेत्र के कार्यकर्ताओं की बैठक के पश्चात तीसरे दिन जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष आशीष छाबड़ा की मौजूदगी में राजीव भवन कार्यालय में बेमेतरा व बेरला विकासखंड के कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक ली जहां प्रभारी ने राष्ट्रीय नेतृत्व के द्वारा दिए गए। निर्देशों से अवगत कराया ओर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के निर्देश पर सभी जिलो में जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष एवं मंडल कांग्रेस कमेटी, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष का चुनाव करने के लिए कांग्रेस द्वारा संगठन सृजन अभियान प्रारंभ किया गया है। उसी के परिपेक्ष में बेमेतरा जिले में भी जिला अध्यक्ष का एवं ब्लॉकों में प्रथम मंडलों में ब्लॉक अध्यक्ष एवं मंडल अध्यक्ष का चयन किया जाएगा। इससे कार्यकर्ताओं में पार्टी के प्रति आस्था और स्वयं तथा पार्टी के प्रति आत्मविश्वास भी बढ़ेगा ।

- लॉबिंग ना अप्रोच और ना ही थोपा होगा अध्यक्ष ,कार्यकर्ताओं की मंशानुरूप होगा : सांसद श्याम कुमार दौलत




**सॉफ्टबॉल प्रतियोगिता में जिले के खिलाड़ियों ने किया शानदार प्रदर्शन**

# जेवरा के 20 खिलाड़ियों ने जीते स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

स्कूल शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ शासन द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता रायगढ़ में सॉफ्टबालक खेल में दुर्ग संभाग की टीम में शामिल बेमेतरा जिले के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर 19 वर्ष आयु वर्ग बालक स्वर्ण पदक, 19 वर्ष आयु वर्ग बालिका में रजत पदक, 14 वर्ष बालक और बालिका दोनो वर्गों मे रजत पदक जीत कर शानदार प्रदर्शन किया है।

रायगढ़ के बड़े स्टेडियम एवं सेंट जेवियर स्कूल मैदान में आयोजित इस प्रतियोगिता में राज्य के पांच संभाग की टीमों के मध्य हुए सॉफ्टबाल के मैचों में दुर्ग संभाग की टीम मे शामिल बेमेतरा जिले के कुल 24 बालक बालिकाओं ने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन किया और 07 खिलाड़ियों ने स्वर्ण तथा 17 ने रजत पदक जीता है। इनमें जेवरा विद्यालय से मयंक निषाद, संदीप पटेल, देव पाटिल, मयंक लहरे, लक्ष्य कांठले, शिकेश ने पूरे प्रतियोगिता में अपराजित रहकर स्वर्ण पदक जीता वहीं 19 वर्ष बालिकाओं को फाइनल मैच में बस्तर की टीम से 01 रन के अंतर हार मिली। रजत पदक विजेता इस टीम में जेवरा स्कूल के भोली साहू, तारनी यदु, काजल साहू, तनु यादव, भूमिका निषाद, रेणुका बंजारे एवं हाई स्कूल मटका की प्रेरणा साहू ने बढिया खेल प्रदर्शन किया। 14 वर्ष आयु वर्ग की बालक टीम को भी फाइनल मैच में बस्तर से हार कर रजत पदक मिला।



### ये रहे शामिल

वहीं बालिकाओं की टीम ने अच्छे प्रदर्शन से रजत पदक जीता जिसमें जेवरा विद्यालय मयंक निषाद, शेखर साहू, रोशन सिन्हा, करीना, मोनिका, लक्ष्मी, फुलेश्वरी, भूमिका, विधिया कठिया स्कूल से रोहन पाटिल, जेवरी स्कूल से लिंकेश शामिल है। दुर्ग संभाग के दल प्रबंधक एवं टीम के कोच व्यायाम शिक्षक जेवरा मृत्युंजय शर्मा थे। सभी खिलाड़ियों को पदक जीतने एवं संस्था का नाम रौशन करने पर प्रसन्नता ब्यक्त कर जेवरा स्कूल प्राचार्य सोमेश्वर देवांगन, महेन्द्र पाटिल सरपंच एवं शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष, समिति सदस्य उदय भास्कर सिंग, प्रबल सिंग ठाकुर, ब्याख्याता नीता साहू, पुष्कर भोंसले, संतोषसाहू, रश्मिअग्रवाल, दीपशिखा माने, शाहिना सिन्हा, योगेश्वर देवांगन, पदमजा सिंग, मंजूषा सिंग, रौशनी गुप्ता, घनश्याम डनसेना, चिकेंद्र साहू, कविता शर्मा सहायक कोच प्रिन्स सिंग, कमल यादव आदि ने शुभकामनायें दी है।

## 20 प्रश्नों के आधार पर हुआ स्कूल व बच्चों का मूल्यांकन



**बेमेतरा।** शासकीय प्राथमिक शाला डीहपारा बासीन विकासखंड साजा में मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता 2025-26 के अंतर्गत सामाजिक अंकेक्षण हुआ। दल प्रमुख मैमुना सुल्ताना प्रधान पाठक प्राथमिक शाला बुधवारा व अंकेक्षण समिति के सदस्य गोपी चरण साहू, रुबीना बी, सावित्री ठाकुर, मीना निषाद, पूर्वी यादव, दीपिका निषाद, पीला राम निषाद, यमुना ठाकुर, तीरीथ बाई, पुन्नी लाल ठाकुर, सहित ग्राम पंचायत बुधवारा के सरपंच गुलमीर मोहम्मद के उपस्थिति में सामाजिक अंकेक्षण हुआ। विभिन्न स्तरों में बच्चों का प्रदर्शन सराहनीय रहा। बच्चे परिवेशीय वस्तुओं पर अपनी अभिव्यक्ति अंग्रेजी के सामान्य प्रश्नों पर उत्तर दिये। बच्चों ने गुणा भाग के प्रश्नो के हल किये शाला उपस्थिति, बैगलेस डे, मुस्कान पुस्तकालय, स्वच्छ पेयजल, पीयर लर्निंग, जादुई पिटारा जैसे बीस बिंदु पर आधारित अंकेक्षण हुआ। अवसर पर शाला परिवार की तरफ से नेवता भोज का आयोजन किया गया। जिसमें फल, मिठाई, चाकलेट, चांवल, दाल, सब्जी दिया गया।

# बैंक ट्रांजेक्शन के लिए ग्रामीणों को नहीं पड़ेगा भटकना, 180 पंचायतों में अटल डिजिटल सुविधा केंद्र शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

जिले के ग्रामीण क्षेत्र में निवासरत लोगों के लिए अच्छी खबर है, अब उन्हें किसी भी प्रकार के बैंक ट्रांजेक्शन के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। उनके पंचायत में ही अटल डिजिटल सुविधा केंद्र खुलेंगे। दुर्ग जिले के करीब 180 पंचायतों में इसकी शुरुआत भी हो चुकी है। अलग-अलग चरणों में सेंटर खोले जा रहे हैं। अब तक 267 सेंटरों की स्वीकृति मिल चुकी है। 130 पहले ही संचालित हो रहे हैं। 137 की पिछले दिनों स्वीकृति मिली। उनमें से 50 को गुरुवार को शुरू किया गया। इन केंद्रों के माध्यम से ग्रामीणों को बैंक खाते से पैसा निकालना, किसी भी प्रकार का चालान जमा करना आसान होगा। वे पेंशन, मनरेगा, महतारी वंदन से लेकर अन्य शासकीय योजना की ट्रांसफर राशि भी इन सेंटरों से निकाल सकेंगे। एटीएम, पासबुक और थम्ब इंप्रेशन तीनों माध्यमों से राशि निकालने की सुविधा होगी। गुरुवार को एमओयू के दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष सरस्वती बंजारे, सीईई बजरंग दुबे सहित अन्य प्रमुख रूप से मौजूद थे। उनके अलावा पवन शर्मा, जितेन्द्र यादव, नीलम चन्द्राकर, प्रिया साहू, श्रद्धा साहू, कल्पना नारद साहू सहित अन्य उपस्थित थे।

**गुरुवार को जिला पंचायत के सभागार में 50 सेंटरों के साथ हुआ त्रिपक्षीय समझौता, जिले में 267 केंद्रों की मिल चुकी स्वीकृति, 130 पहले से हो रहे संचालित**

### अब तक ग्रामीणों को पैसे के लिए पड़ता था भटकना, नई व्यवस्था से ट्रांजेक्शन में फायदा

सीईओ बजरंग दुबे ने बताया कि देखने में आया है कि पैसों को लेकर ग्रामीणों को खासी परेशानी होती थी। गांव में एटीएम नहीं होते, दूरदराज से उन्हें पैसे निकालकर लाना पड़ता था। इसमें अन्य प्रकार के खतरे थे। अब यह परेशानी नहीं होगी। धमधा, अछोटी, बिरेभाट, बोरसी, दुर्ग, अंडा, बासीन, चिखली, डुमरडीह, हनोदा, पउवारा, रवेलीडीह, सिरसाखुर्द में त्रिस्तरीय समझौता हुआ। समझौता जिला प्रशासन, ग्राम पंचायत और कॉमन सर्विस सेंटर द्वारा अधिकृत वीएलई के मध्य हुआ है। अधिकारियों ने बताया कि नई व्यवस्था से ग्रामीणों को काफी फायदा होगा। आनलाइन सुविधाओं से वे सीधे जुड़ेंगे। राज्य और केंद्र शासन की अधिकांश योजना डिजिटल प्लेटफार्म में शिफ्ट हो रही है। इसे देखते हुए अटल डिजिटल सुविधा केंद्र खोले जा रहे है। जल्द ही जिले के सभी 300 पंचायतों में इसका लाभ ग्रामीणों को मिलने लगेगा। इसके लिए सभी पंचायतों को इंटरनेट की सेवा से जोड़ा जा रहा है। पंचायत भवन में भी एजेंसी को अलग से काउंटर भी उपलब्ध कराया गया है।




### खाता खोलने से लेकर राशि जमा करने तक की सुविधा

बजरंग दुबे ने बताया कि इस योजना के अंतर्गत खाता खोलने से लेकर राशि जमा करने तक की सुविधा ग्रामीणों को मिलेगी। वे निकासी के साथ बैलेंस जांच कर सकेंगे। आय, जाति, निवास, शासकीय योजनाओं में आवेदन, मनरेगा, पीएम आवास योजना की राशि इन सेंटरों के माध्यम से निकाल सकेंगे। अटल डिजिटल सुविधा केंद्रों के संचालन हेतु जिला स्तरीय अनुबंध किया गया। सीएससी वीएलई के लिए पंचायत कार्यालय में बैठक व्यवस्था उपलब्ध कराई जाएगी। अतिरिक्त शुल्क वसूली की शिकायत पर कार्रवाई भी होगी।

**खबर संक्षेप**

### शिवाजी नगर रिहायशी इलाके से हटी शराब भट्टी



**भिलाई।** भिलाई के वार्ड 51 शिवाजी नगर अटल आवास के सामने में विदेशी कंपोजिट मदिरा दुकान (शराब भट्टी) को रिहायशी इलाके से दूर स्थानांतरित करने की मांग को लेकर चल रहे 12 दिवसीय धरने के बाद क्षेत्रवासियों ने राहत की सांस ली है। नगर निगम भिलाई द्वारा शराब भट्टी को प्रस्तावित स्थान से हटाकर स्टेडियम मे स्थानांतरित करने का निर्णय लिया गया है। आम आदमी पार्टी के नेता जसप्रीत सिंह के साथ महिलाओं ने लगातार 12 दिनों तक शांतिपूर्ण धरना दिया संघर्ष तब शुरू हुआ जब शराब भट्टी को जोन 4, , वार्ड-51 शिवाजी नगर के एक रिहायशी क्षेत्र के पास खोलने का प्रस्ताव आया। क्षेत्र की महिलाओं ने इसका कड़ा विरोध किया और एकजुट होकर धरने पर बैठ गईं। जसप्रीत सिंह ने क्षेत्रवासियों के साथ हर जगह संबंधित अधिकारियों को पत्र सौंपे और मोहल्लेवासियों को लेकर सांसद विजय बघेल को भी ज्ञापन दिया। इसके बाद सांसद ने भट्टी को वहां न खुलने देने का आश्वासन दिया। जन दबाव के बाद नगर निगम भिलाई के संकल्प के अनुसार, शराब भट्टी को प्रस्तावित स्थान से हटाकर 'स्टेडियम' में स्थानांतरित करने का निर्णय लिया गया है। निगम द्वारा वार्ड 51 की जनता के हित में लिए गए फैसले का क्षेत्रवासियों ने स्वागत किया है।

### सामान्य प्रशासन की स्थाई समिति बैठक में सभापतियों ने लचर व्यवस्था को लेकर की शिकायत

# बिजली गुल होने से चार गांव के किसान परेशान सर्विस लेन के नाम पर मांगे जा रहे 20 हजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

जिला पंचायत की सामान्य प्रशासन स्थाई समिति की बैठक सदस्यों ने लचर बिजली व्यवस्था को लेकर जमकर नाराजगी व्यक्त की। सदस्यों ने बिजली कंपनी के कर्मचारियों पर अवैध वसूली की शिकायत आने तक की जानकारी। उन्होंने बताया कि महमरा के आसपास आवास निर्माण के दौरान सर्विस लेन खींचने के नाम पर 20 हजार रुपए तक की डिमांड की जा रही है।

कई किसानों और ग्रामीणों ने इसकी जानकारी दी है। इसकी जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की जाए। इसी प्रकार सभापति नीलम चंद्राकर ने बिजली कटौती का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि अमलेश्वर, पाहंदा, सांकरा, तर्रा, जामगांव सहित आसपास के क्षेत्रों में अचानक बिजली गुल हो रही है। घंटों मेंटेनेंस नहीं हो रहा। किसान इससे खासे परेशान है। इसके अलावा संचालित होने वाली स्टोरेज फैक्ट्रियों को नुकसान पहुंच रहा है। इस पर बिजली कंपनी के अधिकारियों ने स्टाफ की कमी की जानकारी दी। वहीं अवैध वसूली को लेकर की जा रही शिकायत का खंडन करते हुए मामले में जांच किए जाने की बात कही। जिला पंचायत अध्यक्ष सरस्वती बंजारे अध्यक्षता में हुई बैठक में सीईओ बजरंग कुमार दुबे, उपसंचालक पंचायत आकाश सोनी, सभापति प्रिया साहू, श्रद्धा साहू, कल्पना साहू, जितेन्द्र यादव सहित अन्य उपस्थित थे। बैठक में सड़क का मुद्दा भी उठा, जिस पर अधिकारियों ने बताया कि 15 अक्टूबर के बाद मेंटेनेंस का काम शुरू हो जाएगा। इसके बाद सभी जगहों की सड़कों का मेंटेनेंस होगा।

**जिला पंचायत की सामान्य प्रशासन समिति की बैठक में जर्जर सड़कों का भी उठा मुद्दा**




### जामगांव एम स्कूल में नहीं शिक्षक, खपरी-सिलोदा में भी दिक्कत

बैठक में सबसे पहले शिक्षा विभाग की चर्चा हुई। इस दौरान आत्मानंद स्कूलों में संविदा शिक्षक भर्ती प्रक्रिया की जानकारी दी गई। भर्ती प्रक्रिया 15 अक्टूबर 2025 तक पूर्ण करने के निर्देश। सदस्यों ने कहा कि खपरी-सिलोदा में गणित शिक्षक की संलग्नता है। पढ़ाई प्रभावित न हो, इसके लिए तत्काल वैकल्पिक व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए। ग्राम पंचायत जामगांव एम में शिक्षक न होने की स्थिति पर शिक्षक पदस्थापना हेतु आदेश देने की बात कही गई। सदस्यों ने युक्तियुक्तकरण को लेकर सामने आई दिक्कतों को लेकर शिक्षा विभाग से जानकारी चाही।

### बिजली को लेकर पूरे ग्रामीण क्षेत्र में किसान परेशान, शिकायतों का भी नहीं हो रहा समाधान

सदस्यों ने कहा कि बिजली को लेकर पूरे जिले में किसान परेशान है। मोटर नहीं चलने से खेतों तक पर्याप्त पानी नहीं पहुंच रहा, वहीं कई क्षेत्रों में सामान्य से कम बारिश हुई है। इसी प्रकार बिजली गुल होने की समस्या बनी हुई है। घंटों मेंटनेंस नहीं हो रहा। महमरा में कर्मचारी की कमी पर नाराजगी व्यक्त करते हुए शीघ्र व्यवस्था करने को कहा गया। ट्रांसफार्मरों की मरम्मत एवं बिजली आपूर्ति को सुचारु करने के निर्देश दिए गए। कृषि एवं उद्यानिकी विभाग की चर्चा में नवागांव व टेमरी में रोड किनारे वृक्षारोपण की जानकारी दी गई। संबंधित विभाग को माली की व्यवस्था करने हेतु निर्देशित किया गया। अधिकारियों के पास शिकायत करने के बाद भी समस्याओं का समाधान नहीं हो रहा है। किसान और ग्रामीण परेशान हो रहे हैं।

### खस्ताहाल सड़कें, ग्रामीण क्षेत्रों में आवाजाही तक मुश्किल

सदस्यों ने ग्रामीण क्षेत्रों की खस्ता हाल सड़क का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि सड़कों की हालत बेहद खराब है। कोड़िया-भानपुरी रोड में गड्ढे हैं। टेमरी, घुघवा, अचानकपुर, बेलौदी में सड़क ब्रेकर निर्माण एवं पेंटिंग कराने को कहा गया। डांडेसरा से ढाबा मार्ग में बाढ़ प्रभावित क्षेत्र की मरम्मत हेतु निर्देश। नवांगांव-करेली रोड की स्वीकृति 2011-12 में हुई। बावजूद सड़क नहीं बनी। पुरदा-नवांगांव मार्ग निर्माण को लेकर कार्रवाई करने के निर्देश सदस्यों ने दिए। नवागांव-खैरागढ़ रोड की दुर्दशा पर उपाध्यक्ष द्वारा चिंता व्यक्त की गई, तत्काल मरम्मत के निर्देश दिए।



## पैरालीगल वालेंटियर्स न्याय तक पहुंचने वाले सेतु, उन्हें हर जानकारी होना आवश्यक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

पैरा वालेंटियर्स की बैठक जिला एवं सत्र न्यायालय के सभागार में आयोजित की गई। बैठक में जिला एवं सत्र न्यायाधीश के विनोद कुजूर ने पैरालीगल वॉलेंटियर्स को राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी।

उन्होंने मुख्य रूप से आपदा पीड़ितों को विधिक सेवा प्राधिकरण के माध्यम से विधिक सेवाएं योजना 2010, तस्करी एवं वाणिजिक यौन शोषण के संबंध में विधिक सेवाएं योजना 2015, असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिए विधिक सेवाएं योजना 2015, बच्चों को मैत्रीपूर्ण विधिक सेवाएं और उनके संरक्षण के लिए योजना 2015, मानसिक रूप से बीमार और मानसिक रूप से विकलांग व्यक्तियों के लिए विधिक सेवाएं योजना 2015, गरीबी उन्मूलन योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन योजना 2015, आदिवासियों के अधिकारों का संरक्षण और प्रवर्तन योजना 2015, नशा पीड़ितों को विधिक सेवाएं एवं नशा उन्मूलन के लिए विधिक सेवाएं योजना 2015, वरिष्ठ नागरिकों के लिए विधिक सेवा योजना 2016, एसिड हमले के पीड़ितों के लिए विधिक सेवा योजना 2016 में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पैरालीगल वॉलेंटियर्स न्याय तक पहुंच के सेतु है। उनकी सक्रियता और संवेदनशीलता ही विधिक सहायता की सफलता का आधार है।

प्रत्येक पीएलवी को न केवल योजनाओं की गहन जानकारी रखनी चाहिए बल्कि विधिक सेवा हेतु पात्र समाज के प्रत्येक वर्ग तक विधिक सहायता पहुंचाने के लिए निष्ठा एवं उत्तरदायित्व के साथ कार्य करना चाहिए। बैठक में यह भी निर्देशित किया गया कि ग्राम स्तर पर विधिक जागरूकता शिविर, विद्यालयों में विधिक साक्षरता कार्यक्रम तथा डोर टू डोर अभियान के माध्यम से निशुल्क विधिक सहायता की जानकारी जाए।

**आपदा से निपटने 112 पर करें फोन**

## आपदा प्रबंधन से जुड़ी जानकारी प्रत्येक नागरिक को होना आवश्यक





हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

साइंस कॉलेज में आपदा प्रबंधन पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान जानकारी दी गई कि आपदा प्रबंधन के लिए तैयार रहना हम सबका दायित्व है। हम सभी को प्राकृतिक अथवा कृत्रिम आपदा के समय स्वयं की रक्षा के साथ-साथ आसपास के लोगों के सुरक्षा का भी दायित्व बोध होना चाहिए। बीएसपी अधिकारी स्वतंत्र ताम्रकार ने विस्तार से जानकारी दी। लायंस क्लब दुर्ग विजन एवं साइंस कॉलेज के भूगर्भशास्त्र विभाग द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित आपदा प्रबंधन पर एक दिवसीय कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में बड़ी संख्या में उपस्थित छात्र-छात्राओं, प्राध्यापकों, शोधार्थियों एवं लायंस क्लब के पदाधिकारियों के समक्ष उन्होंने अपनी बात रखी। ताम्रकार ने कहा कि शासन द्वारा विपत्ति के समय के लिए डायल नंबर 112 जारी किया है। इसके बारे में हर किसी को अवगत होना आवश्यक है। उन्होंने पीपीटी के माध्यम से आपदा से जुड़े विषयों के बारे में अवगत कराया।

- साइंस कॉलेज में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन, बीएसपी अधिकारी ने दी जानकारी

### साइंस कॉलेज में चल रहा सर्टिफिकेट कोर्स

भूगर्भशास्त्र के प्राध्यापक डॉ. प्रशांत श्रीवास्तव ने बताया कि महाविद्यालय के भूगर्भशास्त्र विभाग द्वारा आपदा प्रबंधन पर सर्टिफिकेट कोर्स आरंभ किया गया है, जिसका निर्धारित शुल्क 500 है। एमएससी भूगर्भशास्त्र की छात्रा छवि परमार, जयति एवं लोकेश्वरी द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वंदना के साथ आरंभ हुए कार्यक्रम में सभी अतिथियों ने माता सरस्वती के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। अतिथियों का स्वागत पर्यावरण संरक्षण के संदेश के साथ पौधा एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर किया गया। विभागाध्यक्ष डॉ. एस.डी. देशमुख ने धन्यवाद ज्ञापित किया। प्रभारी प्राचार्य डॉ. शशिनाथ झा ने कहा कि आपदा प्रबंधन की कार्यशाला आयोजित करने हेतु लायंस क्लब का आभार। इस प्रकार के कार्यकम से विद्यार्थियों को समाज के हित में जानकारी मिलती है। कार्यक्रम में डॉ. रूचि सक्सेना, लायंस क्लब दुर्ग विजन के अध्यक्ष आरके वर्मा, पीबी सक्सेना, मीनाक्षी अग्रवाल, विनती अग्रवाल, दुर्गेश नंदिनी दुबे, सुनंदा स्वामी, विभा गाता, राजलक्ष्मी तिवारी सहित अन्य मौजूद थे।

## चौहान एस्टेट में चल रहा था हुक्का बार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई में सुपेला थाना अंतर्गत मौर्या टॉकीज के पास बने चौहान स्टेट के फर्स्ट फ्लोर में हुक्का बार संचालित हो रहा था। सुपेला पुलिस ने छापेमारी करके वहां से प्रतिबंधित हुक्का और फ्लेवर युक्त तंबाकू सहित अन्य सामान जब्त किया है। पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उन्हें न्यायिक हिरासत में भेजा है। सुपेला पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक 8 अक्टूबर को उन्हें मुखबिर से सूचना मिली की चौहान स्टेट में रौक एण्ड रोल फस्ट फलोर में राजकुमार मुगम नाम का दुकान संचालक लोगों को कुर्सी टेबल में बैठाकर हुक्का परोस रहा है। पुलिस की टीम तुरंत वहां पहुंची तो देखा कि कुछ लोग वहां हुक्का का सेवन कर रहे हैं। पुलिस को आता देख हुक्का पीने वाले कुछ लड़के भाग गये और कुछ पकड़े गए। पूछताछ करने पर पकड़े गए लड़कों ने अपना नाम अमित खत्री (19 साल) निवासी वार्ड 24 सिंधी कालोनी सत्यम बेकरी गली थाना मोहन नगर दुर्ग, निशांत नायक (25 साल) निवासी प्रेम सागर चौक वार्ड 6 बैगापारा दुर्ग, श्रेयांश चंद्राकर (24 साल) निवासी प्रेम सागर चौक वार्ड 6 बैगापारा दुर्ग बताया। पुलिस ने इस तीनो लड़कों के साथ ही उन्हें हुक्का परोसने वाले दुकान संचालक राजकुमार मुगम (32 साल) निवासी बालाजी नगर वार्ड 30 राम मंदिर के पीछे खुर्सीपार को भी गिरफ्तार किया। पुलिस ने मौके से हुक्का पाट बडा 2 नग, हुक्का पाट छोटा 2 नग , तीन डिब्बा विभिन्न पैकेटो में मिक्स हुक्का, सिल्वार क्वाइल पेपर 3 नग, आधा किलो लकड़ी का कोयला सहित करीब 9 हजार रुपए का सामान जब्त किया है। सभी आरोपियों के खिलाफ धारा 21(क), 21(ख), 4(क), सिगरेट तंबाकू अन्य उत्पादन अधिनियम 2003 के तहत कार्रवाई की गई है।

**पुलिस ने चार को भेजा जेल**



## स्पा सेंटरों के लिए कानून बनाने और सेन जयंती पर सार्वजनिक अवकाश की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

छत्तीसगढ़ प्रांत नाई सेन समाज व सेलून व्यवसाय महासंघ के आव्हान पर दुर्ग जिला सेन समाज ने रैली निकालकर कलेक्टर अभिजीत सिंह को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय व गृहमंत्री विजय शर्मा के नाम ज्ञापन सौंपा। रैली में समाज के लोग बड़ी संख्या में शामिल थे। प्रदेश के अन्य सभी जिलों में भी ज्ञापन सौंपा गया।

अध्यक्ष भीखम सेन व सेलून व्यवसाय महासंघ के अध्यक्ष संतोष सेन के नेतृत्व में समाज के लोग सेन भवन शक्ति नगर से रैली के रूप में कलेक्ट्रट पहुंचे। कलेक्ट्रेट के सामने पुलिस ने रैली को रोकने के लिए बेरिकेडिंग की थी। पुलिस ने समाज के प्रतिनिधि मंडल को अंदर जाने दिया। ज्ञापन सौंपने पहुंचे प्रतिनिधि मंडल ने स्पा सेंटरों को लेकर शासन से कानून बनाने की मांग प्रमुखता से की।उन्होंने कहा कि स्पा सेंटर के संचालक इसे सेलून के रूप में प्रचारित कर लोगों को भ्रमित करते हैं। सेलून व्यवसाय सेन समाज का पारंपरिक व्यवसाय है, जिसका स्पा सेंटरों से कोई लेना देना नहीं। स्पा सेंटर चलाने वाले भी दूसरे लोग होते हैं। इसलिए स्पा सेंटरों के संचालन के लिए कानून बनाना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि सेन जयंती पर सार्वजनिक आवकाश घोषित करने के साथ कुछ अन्य मांगे हैं, जिससे शासन प्रशासन को अवगत कराया गया है। उम्मीद है शासन समाज की मांगों पर जल्द उचित कदम उठाएगा। स्पा सेंटरों में अनैतिक कार्य को रोकने के लिए कानून बनाया जाए। सेलून व्यवसाय को सेन नाई समाज के लिए प्रदेश स्तर पर आरक्षित किया जाए, ताकि समाज की परंपरागत जीविका सुरक्षित रहे। केश शिल्पी कल्याण बोर्ड के माध्यम से समाज हित में विशेष कदम उठाया जाए। सेलून व्यवसाय के उत्थान के लिए योजानाएं शुरू की जाए। जिसका लाभ सीधा समाज को मिले। नाई जाति के ट्रेड मेन भर्ती में अन्य समुदायों के लोगों को लिए जा रहे हैं, जिस पर रोक लगाई जाए। शासकीय नौकरी ट्रेड मेन एवं अन्य विज्ञापित पदों पर सेन समाज को प्राथमिकता दी जाए। सेन समाज के आराध्य संत शिरोमणी सेनजी की जयंती पर राजकीय अवकाश घोषित किया जाए।



- सेन समाज दुर्ग ने रैली निकाल कर मुख्यमंत्री व गृहमंत्री के नाम कलेक्टर को मांग पत्र सौंपा

## जिलाध्यक्ष के लिए 80 का वनटूवन 6-6 का पैनल बनाकर भेजेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

दुर्ग जिले में कांग्रेस के तीन जिला संगठनों में अध्यक्ष बनने को लेकर जोरआजमाइश लगातार पांचवें दिन भी जारी रही। गुरुवार को सुबह साढ़े 10 बजे से शाम करीब 5 बजे कांग्रेस के कार्यकर्ता और नेता सर्किट हाउस में जमे रहे। इस दौरान शाम करीब 4 बजे तक पर्यवेक्षक अजय कुमार लल्लू ने बारी-बारी से दावेदारों से बात की।

उन्हें बाकायदा टोकन बांटा गया। टोकन के हिसाब से ही वनटूवन के लिए एंट्री दी गई। इस दौरान भिलाई से बृजमोहन सिंह, अरुण सिसोदिया, नीता लोधी, लक्ष्मीपति राजू, सुमित पवार, आदित्य सिंह सहित अन्य पहुंचे। वहीं दुर्ग से गया पटेल, अय्यूब खान, दीपक दुबे, राजकुमार नारायणी, परमजीत सिंह भुई, राजकुमार पाली, नासीर खोखर, रत्ना नारमदेव सहित अन्य ने उपस्थिति दर्ज कराई। ग्रामीण से राकेश ठाकुर, रिवेंद्र यादव सहित अन्य ने पर्यवेक्षक के सामने अपना पक्ष रखा।

जानकारी के मुताबिक पर्यवेक्षक ने पूछा कि वे क्यों अध्यक्ष बनना चाहते हैं, यदि आपकी जगह किसी और को मौका मिले तो वह नाम कौन सा हो सकता है। इसके अलावा संगठन को मजबूत करने को लेकर वे कौन-कौन से काम कर सकते हैं। इस प्रकार की अन्य बातें पूछी की। इस दौरान सहायक पर्यवेक्षक के रूप में अनिला भेड़िया, यूडी मिंज, विक्रम मंडावी सहित अन्य मौजूद थे।

## भिलाई शहर में गंदगी फैलाने वालों पर 4300 रुपए जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई शहर को स्वच्छ एवं सुन्दर बनाने निगम के अधिकारी, कर्मचारी एवं सफाई कर्मी लगातार युद्व स्तर पर कार्य कर रहे है। प्रतिदिन कर्मचारी अलग-अलग जोन क्षेत्र के साफ-सफाई व्यवस्था को व्यवस्थित करने में जुटे है। साथ ही सिंगलयुज प्लास्टिक प्रतिबंधित होने के बाद भी कुछ लोगो द्वारा इसका उपयोग किया जा रहा है। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के निर्देश पर स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली पांचो जोन के सहायक स्वास्थ्य अधिकारियों को जांच करते हुए कार्यवाही करने निर्देशित किए है। जोन 01 नेहरू नगर के स्वास्थ्य अधिकारी अंकित सक्सेना अपनी टीम के साथ वार्ड क्रं. 17 आकाश गंगा सुपेला में प्रतिष्ठान, फल ठेला में सिंगलयूज प्लास्टिक एवं गिला-सुखा कचरा अलग-अलग नहीं रखने वालो की जांच किए है।




# SHRI KHATU SHYAM JYOTISH




## 15 वर्षों से आपकी सेवा में



## जन्मकुण्डली विशेषज्ञ

पं. रविकांत शर्मा / पं. एस. के. शास्त्री




हर मुश्किल से मुश्किल समस्या का समाधान
"ज्योतिष मेरा काम नहीं, मेरी साधना है"
"जब कहीं ना हो काम, तो हमसे ले समाधान"



**ऑफिस आने पर मात्र ₹101/- फोन से परामर्श केवल ₹251/-**

व्यापार बढ़ोतरी, किया कराया,
शादी के लिए माता-पिता को मनाना

**जब कही ना हों काम, तो हमसे ले समाधान**

**पं. एस. के. शास्त्री**
जन्मकुण्डली विशेषज्ञ

## जन्म पत्रिका बनाई जाती है

- नवग्रह आदि समस्त प्रकार के ज्योतिष समाधान
- व्यापार, विवाह, नौकरी में प्रमोशन
- मकान - संतान योग
- दुकान, बच्चो के कैरियर मार्गदर्शन
- कालसर्प दोष निवारण
- प्रेम विवाह, मोहनी
- मांगलिक दोष निवारण



**बुकिंग के लिए संपर्क करें : +91 7470674060**

असुविधा से बचने के लिए आपॉइंटमेंट लेकर ही मिलें

नोट : मिलने के लिए अपॉइंटमेंट लेना आवश्यक है।

**पोलसाय पारा चौक के पास, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)**

**संपर्क सूत्र :- पं. रविकांत शर्मा एवं पं. एस. के. शास्त्री : +919755964567**

## खबर संक्षेप

### विधायक बघेल ने किया भूमिपूजन

**ठेलकाडीह।** विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने ठाकुरटोला और मालाडबरी में गत दिनों सड़क का भूमिपूजन किया। विधायक ने कहा कि क्षेत्र का बगैर भेदभाव के विकास कार्य कराए जाएंगे। इस मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### विद्यार्थियों ने किया योगाभ्यास

**अर्जुनी।** स्थानीय नवीन शासकीय महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ अंजना ठाकुर के निर्देशन में छात्र छात्राओं ने योगाभ्यास किया। मुख्य अतिथि अलखराम साहू ने सर्वप्रथम गायत्री मंत्र का जाप कराया। उन्होंने अनुलोम, विलोम, भ्रामरी, वज्रासन, कपालभारती, मंडूक आसन आदि का अभ्यास कराया। उन्होंने विद्यार्थी को बताया कि योग के अभ्यास से शारीर ऊर्जावान, रक्त संचार में वृद्धि और मांस पेशियां मजबूत होती है। स्मरण शक्ति भी बढ़ती है। संचालन एवं आभार प्रदर्शन अतिथि व्याख्याता शुभि जैन ने किया। कार्यक्रम में डॉ काव्या जैन, डॉ संजूसिंह, ओमप्रकाश सहारे, डॉ हेमलता विरदी, चांदनी पराते, कंचन साहू, हिमानी साहू, हरवंश चौरगे, मोनिश खान, चंद्रकांत कुंभकार के अलावा बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं शामिल हुए।

### डॉ. अमरोहित बताएंगे सफलता के टिप्स

**डोंगरगांव।** जिला मुख्यालय बैकुंठपुर में 11 एवं 12 अक्टूबर को कोरिया साहित्य महोत्सव आयोजित है। जिला प्रशासन एवं सांस्कृतिक संस्था अभिव्यक्ति द्वारा आयोजित इस महोत्सव में राज्य भर के साहित्यकार एवं सांस्कृतिक कर्मी शिरकत करेंगे। आगामी 12 अक्टूबर को तीन घंटे का विशेष सत्र प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे अभ्यार्थियों के लिए रखा गया है जिसमें लेखक और छत्तीसगढ़ी साहित्यकार डॉ. गीतेश अमरोहित अभ्यार्थियों को परीक्षाओं में सफलता प्राप्त करने के टिप्स देगें।

### दशरथ हुए अध्यक्ष निर्वाचित

**पटेवा।** ग्रामीण साहू समाज पटेवा की 9 अक्टूबर को कर्मा मंदिर प्रांगण में बैठक रखकर पदाधिकारी का चुनाव किया गया। चुनाव में अध्यक्ष दशरथ साहू, उपाध्यक्ष यशवंत साहू, हेमलता साहू, संगठन सचिव योगेश्वर साहू, कलिंद्री साहू, सचिव रोशन साहू, सह सचिव नीलकंठ साहू, कोषाध्यक्ष विजय गजपाल, प्रचार सचिव नितेश साहू, मीडिया प्रभारी ख़ेमन साहू, संरक्षक विरेंद्र हिरवानी, बहुरसिंह साहू, सुखी मंडल, राजेश साहू बने। निर्वाचन पर्यवेक्षक माधवदास साहू, श्यामलाल साहू, खेमलाल साहू, संतोष साहू, राधेलाल साहू, मंडल अध्यक्ष हीरालाल साहू थे।

### एनएसएस ने किया पौधरोपण

**डोंगरगढ़।** नेहरू महाविद्यालय की रासेयो इकाई ने साप्ताहिक गतिविधि अंतर्गत महाविद्यालय परिसर में पौधरोपण किया। कार्यक्रम अधिकारी एचआर पदमे एवं नीलम चतुर्वेदानी के संयोजन में स्वयंसेवकों ने विभिन्न पौधों का रोपण कर उनकी सुरक्षा के लिए ट्री गार्ड भी लगाया।

### बेरलाकला एनिकेट में पुल-पुलिया निर्माण और 274 करोड़ 94 लाख की लागत से बनने वाली परियोजना की दें स्वीकृति

# मुख्यमंत्री से की सहगांव उद्वहन सिंचाई योजना और बेरलाकला में पुल निर्माण की जिपं अध्यक्ष ने मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना योगेश तिवारी ने प्रवास पर पहुंचे मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से दो महत्वपूर्ण मांगें की हैं। उन्होंने बेरलाकला एनिकेट में पुल-पुलिया निर्माण और 274 करोड़ 94 लाख रुपये की लागत से सहगांव उद्वहन सिंचाई योजना को मंजूरी देने का आग्रह किया है।

- मांगें पूरी होने किसान व आम जनता को मिलेगी बड़ी राहत

जिपं अध्यक्ष श्रीमती तिवारी ने कहा बेरलाकला एनिकेट में पुल-पुलिया निर्माण बरसात के मौसम में जलस्तर बढ़ने से लगभग 30-35 गांवों के हजारों ग्रामीणों का आवागमन बाधित हो जाता है। पुल-पुलिया निर्माण से आवागमन सुचारू होगा और ग्रामीणों को दैनिक जरुरतों, शिक्षा, रोजगार और उपचार के



लिए सुरक्षित मार्ग मिलेगा। इसी तरह सहगांव उद्वहन सिंचाई योजना इस योजना से दुर्ग ग्रामीण एवं बेरला ब्लॉक क्षेत्र के किसानों को सिंचाई जल की सुविधा उपलब्ध होगी। योजना के तहत तांदुला पानी लिफ्ट एरिगेशन नहर के माध्यम से पानी उठाकर लगभग 10.670 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा प्रदान की जाएगी, जिससे लगभग 50-60 गांवों के किसानों को लाभ होगा। कल्पना योगेश तिवारी ने यह भी कहा कि दोनों परियोजनाएं क्षेत्र के ग्रामीण विकास, कृषि सशक्तिकरण और जनकल्याण के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। इन योजनाओं के स्वीकृत होने से न केवल किसानों को राहत मिलेगी, बल्कि बेमेतरा जिले के बेरला ब्लॉक का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित होगा।

श्रीमती तिवारी ने मुख्यमंत्री को सौंपे मांगपत्र में बताया कि बेरला ब्लॉक के ग्राम बेरलाकला एनिकेट में वर्तमान में एक छोटा डेम बना हुआ है। बरसात के मौसम में जब जलस्तर बढ़ता है, तो डेम के ऊपर से पानी बहने लगता है जिससे लगभग 30 से 35 गांवों के हजारों ग्रामीणों का आवागमन पूरी तरह बाधित हो जाता है। इस दौरान बच्चों, बुजुर्गों, गर्भवती महिलाओं और आपातकालीन मरीजों को रायपुर या अन्य शहरों तक पहुँचने में भारी कठिनाइयाँ झेलनी पड़ती हैं।

### किसानों की फसलें हो रहीं बर्बाद

इसके साथ ही, श्रीमती तिवारी ने सिंचाई संकट से जूझ रहे किसानों की समस्या पर भी गंभीर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि दुर्ग ग्रामीण एवं बेरला ब्लॉक क्षेत्र में पिछले कई वर्षों से अल्पवर्षा और घटते जलस्तर के कारण किसानों की फसलें बर्बाद हो रही हैं। कृषि उत्पादन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। उन्होंने ने बताया कि इस स्थिति से निपटने के लिए सहगांव उद्वहन सिंचाई योजना तैयार की गई है। जिसके तहत तांदुला पानी लिफ्ट एरिगेशन नहर के माध्यम से पानी उठाकर लगभग 10.670 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। इस योजना से बेरला ब्लॉक के लगभग 30-35 गांव और दुर्ग ग्रामीण क्षेत्र के 20-25 गांवों के किसानों को लाभ मिलेगा। इस परियोजना की अनुमानित लागत 274 करोड़ 94 लाख रुपये है। श्रीमती कल्पना योगेश तिवारी ने मुख्यमंत्री से अनुरोध किया है कि इस परियोजना को शीघ्र अनुमोदन एवं राशि स्वीकृति प्रदान की जाए ताकि क्षेत्र के किसानों को सिंचाई जल की सुविधा उपलब्ध हो सके और उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार हो।

### जनकल्याण के लिए अत्यंत आवश्यक

जिपं अध्यक्ष श्रीमती तिवारी ने कहा कि दोनों परियोजनाएं क्षेत्र के ग्रामीण विकास, कृषि सशक्तिकरण और जनकल्याण की दृष्टि से अत्यंत आवश्यक हैं। इन योजनाओं के स्वीकृत होने से न केवल किसानों को राहत मिलेगी, बल्कि बेमेतरा जिले के बेरला ब्लॉक का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित होगा।

## सीएम साय का पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष शर्मा ने किया स्वागत



**बेमेतरा।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के बेमेतरा आगमन पर भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष राजेंद्र शर्मा ने उनका स्वागत किया और कहा कि महतारी वंदन योजना से मुख्यमंत्री की लोकप्रियता बढ़ी है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री बनने के बाद विष्णु देव साय ने राज्य में विकास की गति तेज की है और कई जनकल्याणकारी योजनाएं शुरू की हैं। राजेंद्र शर्मा ने बेमेतरा में 140 करोड़ के भूमि पूजन और लोकार्पण पर आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने बेमेतरा विधानसभा की चिंता की है। उन्होंने बताया कि सांसद विजय बघेल और विधायक दीपेश साहू की मांग पर मुख्यमंत्री ने अमोरा में शिवनाथ नदी पर बैराज बनाने की घोषणा की है, जो बेमेतरा शहर के लिए बड़ी उपलब्धि है। इसके अलावा, राजेंद्र शर्मा ने अटल परिसर के लोकार्पण पर कहा कि यह पहली बार है जब किसी महापुरुष पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी की प्रतिमा का अनावरण हुआ है। उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, उपमुख्यमंत्री अरुण साव,विधायक साहू,नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा और पार्षदों के प्रयासों की सराहना की।

## चिल्फी में विश्व दृष्टि दिवस पर बच्चों को मिला नेत्र सुरक्षा का ज्ञान

**साजा।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला एवं शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल चिल्फी में 9 अक्टूबर 2025 को विश्व दृष्टि दिवस का शिविर रखा गया। इस शिविर में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र साजा से वरिष्ठ नेत्र चिकित्सा सहायक अधिकारी विनोद कुमार बघेल, ख़म्हरिया से विनोद कुमार साहू नेत्र चिकित्सा सहायक अधिकारी तथा देवकर से वरिष्ठ नेत्र चिकित्सा सहायक अधिकारी एनसी देशमुख के द्वारा नेत्र परीक्षण किया गया। नेत्र सुरक्षा के बारे में बच्चों को विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। जिस बच्चे को चश्मा लग रहा है, उसे नियमित रूप से चश्मा लगाने की सलाह दी गई। इस अवसर पर शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला चिल्फी के प्रधान पाठक रोहित कुमार सोनवानी, हायर सेकेंडरी स्कूल प्राचार्य श्री एस के मार्कण्डेय, शिक्षक हिरदेराम, नरेंद्र साहू, हेमलता कोमा, लिलार सिंह ध्रुव, एके देवांगन, सीएल वर्मा, श्रीएम भगत एवं संकुल समन्वयक जितेंद्र कुमार बघेल उपस्थित रहे।




## विवेकानंद गुरुकुल स्कूल झाल में छात्रों ने लिया पर्यावरण संरक्षण का संकल्प



**नवागढ़।** स्वामी विवेकानंद गुरुकुल हाई स्कूल झाल में गुरुवार को "एक पेड़ मन के नाम" अभियान के तहत विद्यार्थियों एवं शिक्षकों द्वारा वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यालय परिसर में विभिन्न प्रकार के छायादार और फलदार पौधे लगाए गए। कार्यक्रम के दौरान सभी विद्यार्थियों ने वृक्षों की रक्षा एवं पर्यावरण संरक्षण का शपथ लिया। शिक्षकों ने बच्चों को पौधों के महत्व और उनकी देखभाल की जिम्मेदारी समझाई। विद्यालय परिवार ने संकल्प लिया कि लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल की जाएगी ताकि आने वाले वर्षों में विद्यालय परिसर हरा-भरा और स्वच्छ बना रहे। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने "हर पेड़ जीवन है" का संदेश देते हुए सभी से अधिक से अधिक वृक्ष लगाने की अपील की।

### ग्रामीण साहू संघ पिपरिया के अध्यक्ष चुने गए जोहन



**साजा।** साहू समाज, साजा इकाई की नई कार्यकारिणी का गठन सर्वसम्मति से किया गया, जिसमें सर्वश्री जोहन साहू को अध्यक्ष चुना गया है। यह कार्यक्रम तहसील और परिक्षेत्र साहू समाज के वरिष्ठ पदाधिकारियों की उपस्थिति में संपन्न हुआ। उपाध्यक्ष डोमार, कोषाध्यक्ष जनकराम साहू, सचिव धमेंद्र साहू, महिला उपाध्यक्ष सीमा साहू सचिव दिपा साहू चुने गए है। जिसमें तहसील अध्यक्ष उमाशंकर साहू , परिक्षेत्र अध्यक्ष गुहाराम साहू, युवराज साहू नंदकुमार साहू देवकुमार साहू एवं अन्य पदाधिकारी गण तथा समस्त ग्रामीण साहू समाज उपस्थित थे।

## कथाकार मुंशी प्रेमचंद की कृतियों पर चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डोंगरगढ़

नेहरू महाविद्यालय में महान कथाकार मुंशी प्रेमचंद की पुण्यतिथि के अवसर पर हिंदी विभाग ने उनके साहित्यिक अवदान को स्मरण करते हुए संगोष्ठी का आयोजन किया। प्रभारी प्राचार्य डॉ. ईव्ही रेवती के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ मुंशी प्रेमचंद के चित्र पर माल्यार्पण से हुआ। प्रमुख अतिथि इतिहास विभागाध्यक्ष डॉ. आशा चौधरी थी। हिंदी विभाग की डॉ. नीता राजपूत ने प्रेमचंद के साहित्यिक योगदान की चर्चा करते हुए कहा कि उनकी रचनाएं कालजयी हैं और आज भी प्रासंगिक




हैं। मुख्य वक्तव्य डॉ. आशा चौधरी ने प्रेमचंद को समाज सुधारक और यथार्थवादी लेखक बताते हुए कहा कि उनकी रचनाओं में देश सेवा, सामाजिक कुरीतियों पर प्रहार और मानवीय संवेदनाओं की गहन अभिव्यक्ति मिलती है। नीलम सिन्हा ने 'सौत' कहानी के माध्यम से नारी मन की ममता और करुणा को रेखांकित किया। परिचर्चा में कामिनी वर्मा, दीपक वर्मा, छबिधर साहू, तामेश्वरी सिन्हा ने प्रेमचंद की कहानियों में निहित सामाजिक यथार्थ को उजागर किया। कार्यक्रम में तेजेश्वरी, धनिता यादव, पूजा साहू, तृप्ति, सेवती, टकेश्वर साहू, मनीषा पटेल, श्रुति, अमृता सहारे, केवलदास, डिकेश, पंकज वर्मा, गीतांजलि वर्मा, विद्या मानिकपुरी, करण मेश्राम सहित अन्य शामिल हुए।

### अधिकारियों ने सामाजिक अंकेक्षण का किया निरीक्षण

**डोंगरगढ़।** स्कूल शिक्षा विभाग के आदेशानुसार मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान के तहत 8 अक्टूबर को प्राथमिक, माध्यमिक, हाई एवं हायर सेकंडरी स्कूलों में सामाजिक अंकेक्षण किया गया। जिला एवं विकासखंड के अधिकारियों ने दौरा कर सतत अवलोकन किया। जिला मिशन समन्वयक समग्र शिक्षा सतीश ब्योहारे, एपीसी रफीक अंसारी, पीआर झाड़े, विकासखंड स्रोत समन्वयक सुरेश सहारे ने पूर्व माध्यमिक शाला बुढ़ानछापर पहुंचकर सामाजिक अंकेक्षण का अवलोकन किया। इस दौरान संकुल समन्वयक प्रदीप जैन, धनेश वर्मा, जनपद सदस्य थनवार मंडावी आदि की उपस्थिति में सामाजिक अंकेक्षण का बेहतर आयोजन किया जाना पाया गया।

### साहू संघ की टीम का विस्तार, क्षेत्रीय पदाधिकारी हुए शामिल



**साजा।** तहसील साहू संघ साजा के आदेशानुसार आज परिक्षेत्रीय साहू संघ घोटवानी में परक्षेत्रीय अध्यक्ष एवं टीम का विस्तार किया गया। जिसमें मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष छेदीलाल साहू ,तहसील अध्यक्ष उमाशंकर साहू, उपाध्यक्ष केशव साहू , सचिव होरी लाल साहू ,साजा मंडल अध्यक्ष बुलाक साहू, करन साहू ,लेखू साहू ,सुरेश साहू, राधे लाल साहू ,नेतराम साहू ,रामकुमार साहू, देवकुमार साहू एवं समाजिक कार्यकर्ता उपस्थित थे ।

### सहायक संचालक ने ली जिले के बीईओ, बीआरसी एवं प्राचार्यों की बैठक

# परख सर्वे के बारे में दी जानकारी, अवकाश का आवेदन ऑनलाइन ही मान्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में सहायक संचालक एस पी कोशले ने जिले के चारों विकासखंड के विकासखंड शिक्षा अधिकारी, विकासखंड स्त्रोत समन्वयक और सभी प्राचार्यों की बैठक ली। उन्होंने कहा कि एक पेड़ मां के नाम योजना के तहत हम अपने निर्धारित लक्ष्य से बहुत पीछे हैं। कल तक 100% लक्ष्य की पूर्ति सभी प्राचार्य करें। साथ ही साथ स्वच्छ एवं हरित विद्यालय के लिए भी उन्होंने कल तक का समय दिया। शाला त्यागी बच्चों की संख्यात्मक जानकारी भी सोमवार तक अनिवार्य रूप से भेजने सभी प्राचार्यों को निर्देशित किया। शाला भवन की रंगाई पोताई अति शीघ्र कर फ्रंट का फोटो ग्रुप में भेजने कहा। साथ ही साथ आईसीटी का उपयोग निरंतर करने के निर्देश दिए। व्यवसायिक शिक्षा यू डाइस एंट्री को सभी प्राचार्य अति शीघ्र पूर्ण करें।

सहायक संचालक ने अवकाश आवेदन संबंधी जानकारी देते हुए कहा कि अवकाश पोर्टल में कोई भी आवेदन पेंडिंग ना रहे। इस बात का ध्यान रखें। कोई भी शिक्षक कर्मचारी अवकाश लेने हेतु ऑनलाइन ही आवेदन करें, वही मान्य होगा। त्रैमासिक परीक्षा फल के आधार पर विद्यार्थियों की ग्रेडिंग करें विषय वार और ओवल आल, खास तौर पर बोर्ड कक्षाओं की ग्रेडिंग



करना अनिवार्य है। सहायक संचालक एसपी कोशले ने कहा कि कार्य करने अथवा करवाने की क्षमता के आधार पर माह नवंबर से सभी प्राचार्यों, प्रभारी प्राचार्यों की ग्रेडिंग की जाएगी। सभी संकुल प्राचार्य प्रत्येक माह कम से कम एक बार संकुल के सभी शालाओं की मॉनिटरिंग करें एवं उन्हें क्षमता विकास हेतु लिखित आवश्यक सुझाव प्रदान करें।

जाति निवास प्रमाण पत्र की प्रगति लक्ष्य एवं उपलब्धि की जानकारी अति शीघ्र दे। सरस्वती निशुल्क साइकिल वितरण कहां-कहां नहीं हुआ है इसकी जानकारी तत्काल दें। सर्विस बुक संधारण की अद्यतन स्थिति की जानकारी दें। सर्विस वेरिफिकेशन वेतन वृद्धि अर्जित अवकाश मेडिकल अवकाश की प्रविष्टि आदि की अद्यतन स्थिति की जानकारी तत्काल दें। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डाइट बेमेतरा के व्याख्याता व जिला नोडल थलज कुमार साहू ने बताया की आगामी महीना में परख सर्वे का कार्य जिले के चयनित स्कूलों में किया जाएगा। इसके लिए सभी प्राचार्य तैयार रहें। यह परीक्षा कक्षा 3 कक्षा 6 और कक्षा 9 के विद्यार्थियों के लिए आयोजित की जाती है। सर्वे तीन तरह के विद्यालयों को लिया जाता है पहला केंद्र सरकार द्वारा संचालित विद्यालय, दूसरा राज्य सरकार के द्वारा संचालित विद्यालय और तीसरा निजी विद्यालय। परख सर्वे का कार्य डाइट के छात्र अध्यापक फील्ड इन्वेस्टिगेटर के रूप में यह कार्य करते हैं। इस सर्वे के आधार पर यह आंकलन किया जाता है कि हम किस क्षेत्र में कमजोर हैं। वर्ष 2024 में हुए परख सर्वे की रिपोर्ट के मुताबिक कक्षा नवमी के राष्ट्रीय उपलब्धि प्रतिशत के बराबर ही हमारी छत्तीसगढ़ राज्य की उपलब्धि का प्रतिशत है। कक्षा तीसरी में भाषा गणित और पर्यावरण में राष्ट्रीय औसत और छत्तीसगढ़ के औसत में बहुत कम अंतर है। जबकि कक्षा छठवीं की भाषा और गणित में हम अपेक्षाकृत राष्ट्रीय औसत से बहुत पीछे हैं इस पर बहुत ज्यादा काम करने की आवश्यकता है।

### ये रहे उपस्थित

बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय से सहायक संचालक एसपी कोशले, डीएमसी राजकुमार वर्मा, एमआईएस प्रशासक खिरावन वर्मा, बीईओ बेमेतरा कामिनी महिलांग, बीईओ बेरला जयप्रकाश करमाकर, बीईओ साजा निलेश चंद्रवंशी, बीईओ नवागढ़ लोकनाथ बांधे, बीआरसी साजा बीडी बघेल, बीआरसी बेमेतरा राजेंद्र कुमार साहू, बीआरसी नवागढ़ जगजीवन साहू, बीआरसी बेरला कमलेश निषाद, एपीसी खेमराज साहू, बालक स्कूल बेमेतरा के प्राचार्य टी डी जांगड़े, प्राचार्य एस एस ठाकुर, दिलीप सिंह ठाकुर, पी आर सप्रे, कविता वाचपेयी, अरुण खरे, संजय कुमार शर्मा, राजेंद्र झा, कमलेश गायकवाड़, हिरऊ राम ध्रुव, अनिल डहाले, कृष्ण कुमार साहू सहित जिले के प्राचार्य उपस्थित थे।

online Booking:-www.tripuryatra.com


स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी,
श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी,
श्री कन्याकुमारी,
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
Jai Mata Di
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- B-16, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-9165 411411